### खबर संक्षेप

## सतना में बर्थडे पार्टी में अनैतिक गतिविधियां



**सतना।** पुलिस ने राजेन्द्र नगर गली नंबर-10 में एक मकान में चल रही बर्थडे पार्टी पर छापा मारा। पुलिस को मिली सूचना के अनुसार,यहां पार्टी की आड़ में अनैतिक गतिविधियां चल रही थीं। छापेमारी के दौरान पुलिस को मौके पर 6 युवक-युवतियां मिले। हालांकि तलाशी में कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। पुलिस ने युवतियों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। टीआई रावेंद्र द्विवेदी ने बताया कि इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में राजेन्द्र नगर निवासी भोलू उर्फ विक्की 25 वर्ष,बाबूपुर-पतौड़ा का रजनीश कुमार 19 वर्ष और कैथा-इटमा का पियूष दाहिया 19 वर्ष शामिल हैं। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया,जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।पुलिस जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी भोलू उर्फ विक्की पूर्व में भी देह व्यापार संबंधी गतिविधियों में संलिप्त पाया गया था। जेल से रिहा होने के बाद वह पुनः इन अवैध गतिविधियों में शामिल हो गया था। सभी आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

## अवार्ड लेकर सतना पहुंचे महापौर का किया गया भव्य स्वागत



**सतना।** मध्य प्रदेश वार्षिक पर्यावरण पुरस्कार से नगर निगम को सम्मानित किए जाने के बाद शुक्रवार को भोपाल से सतना पहुंचे महापौर योगेश ताम्रकार का स्टेशन में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। अपने स्वागत के जवाब में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने नगरवासियों की ओर से मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि सतना नगरनिगम भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रतिबद्ध रहेगा और ऐसे कार्यों को निरंतर जारी रखा जायेगा। इस उपलब्धि के लिये श्री ताम्रकार ने नगर के प्रत्येक जागरुक नागरिक को बधाई और शुभकामनायें प्रेषित की।

## इदुज्जुहा पर्व के अवसर पर कानून व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने 7 जून को इदुज्जुहा पर्व के अवसर पर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी संबंधित अनुविभाग के लिये उस क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर द्वारा जारी आदेशानुसार अनुविभाग मैहर के लिए विकास सिंह,अमरपाटन एवं रामनगर के लिए अनुविभागीय अधिकारी रामनगर डॉ आरती सिंह,थाना क्षेत्र मैहर नादन के लिए तहसीलदार मैहर जितेन्द्र कुमार पटेल को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बनाया गया है।इसी प्रकार थाना क्षेत्र अमदरा के लिए नायब तहसीलदार अमदरा सुनील कुमार द्विवेदी,थाना क्षेत्र बदेरा में नायब तहसीलदार बदेरा प्रेमलाल चौधरी,थाना क्षेत्र अमरपाटन एवं ताला में तहसीलदार अमरपाटन रामदेव साकेत,थाना क्षेत्र रामनगर में तहसीलदार रामनगर शिवभूषण सिंह,थाना क्षेत्र रामनगर में नायब तहसीलदार बडवार ललित कुमार धुर्वे,थाना क्षेत्र चौकी मर्यादपुर में नायब तहसीलदार मर्यादपुर ललित रोशनलाल रावत को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से डयूटी लगाई गई है। साथ ही सभी उपखण्ड मजिस्ट्रेट अपने-अपने अनुभाग अन्तर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे।जिले की सम्पूर्ण कानून व्यवस्था के प्रभारी अतिरिक्त जिलादण्डाधिकारी शैलेन्द्र सिंह होंगे।

### दो मोबाइल फोन और 40 हजार नकद जब्त, सतना-रीवा में 10 को बनाया शिकार

# कियोस्क-संचालक को ठगने वाले दो साइबर ठग यूपी से गिरफ्तार

**सतना।** साइबर ठगी के मामले में गुरुवार को दो साइबर ठगों को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को मामले का खुलासा किया। आरोपियों ने कियोस्क सेंटर संचालकों को अपना निशाना बनाया था।पुलिस ने दोनों आरोपियों से एक ओप्पो और एक वीवो कंपनी का एंड्रॉइड मोबाइल तथा 40 हजार रुपए नकद जब्त किए हैं। केशव नगर के कियोस्क संचालक त्रिवेणी प्रसाद वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। टीआई रावेंद्र द्विवेदी ने कहा दोनों ट्रेन से सतना पहुंचे और बाइक किराए पर लेने की कोशिश की,लेकिन जब सतना में बाइक नहीं मिली,तो रीवा में ऑनलाइन सर्च कर एक बाइक किराए पर ली। वहां से वे सतना लौटे और अपराध की योजना बनाई।आरोपियों ने बताया कि वे जिस जिले से बाइक किराए पर लेते हैं,वहां अपराध नहीं करते, ताकि उनकी पहचान उजागर न हो। 24 मई को दोपहर करीब 1बजे एक व्यक्ति त्रिवेणी की दुकान पर आया। उसने खुद को पवन कुमार सिंह बताया। उसने पहले 1 हजार रुपए का लेनदेन किया। इस दौरान उसने संचालक का फोन पे पिन देख लिया।

### ऑनलाइन 60 हजार ट्रांसफर कर आरोपी फरार

कुछ देर बाद पवन वापस आया। उसने कहा कि पिछला ट्रांजैक्शन फेल हो गया है। फिर उसने त्रिवेणी प्रसाद का मोबाइल मांगा। संचालक उसे अपना फोन देकर अन्य ग्राहकों में व्यस्त हो गया। इस दौरान आरोपी ने फोन पे से 60 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए और फरार हो गया।



### सतना और रीवा के 8-10 संचालकों से ठगी कबूला

पूछताछ में आरोपियों ने सतना और रीवा के 8-10 कियोस्क संचालकों से ठगी करना कबूल किया है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में लाखों की ठगी का खुलासा हो सकता है। घटना के समय एक अन्य आरोपी दुकान के बाहर खड़ा था।

### पेमेंट के समय दुकानदार की आईडी,पासवर्ड या पैटर्न देख लेते थे

ठग पहले कैश से भरा बैग दिखाकर दुकानदार का विश्वास जीतते थे। इसके बाद वे 2 हजार रुपए ट्रांसफर करवाने के लिए कहते थे और पैसे नकद देते थे। इसमें से 1 हजार रुपए एक खाते में ट्रांसफर करवा लेते थे। ट्रांसफर के दौरान वे दुकानदार की आईडी,पासवर्ड या पैटर्न देख लेते थे। बाकी 1 हजार देकर कहते थे कि थोड़ी देर में वापस आकर फिर से ट्रांसफर करवाएंगे।

### ट्रांजैक्शन नोटिफिकेशन डिलीट कर मौके से फरार हो जाते

बाद में दुकानदार की व्यस्तता का फायदा उठाकर पैसे ट्रांसफर करने के लिए उसका मोबाइल ले लेते थे। लेकिन 1 हजार की बजाय,कियोस्क में उपलब्ध अधिकतम राशि अपने खाते में ट्रांसफर कर देते थे और ट्रांजैक्शन का नोटिफिकेशन भी डिलीट कर देते थे, जिससे दुकानदार को पता नहीं चलता। इसके बाद वे मौके से फरार हो जाते थे।

### ऑनलाइन कैसिनो और क्रिकेट सट्टा वेबसाइट का इस्तेमाल

आरोपी एक ऑनलाइन कैसिनो और क्रिकेट सट्टा वेबसाइट का उपयोग करते थे,जिससे उनका खाता निजी न होकर गेमिंग प्लेटफॉर्म से जुड़ा होता था। इससे पीड़ित 1930 पर कॉल कर शिकायत करता और खाता होल्ड होता,तो वह खाता ऑनलाइन गेमिंग कंपनी का होता था। जिससे आरोपियों की पहचान करना और उन्हें पकड़ना मुश्किल हो जाता था।पकड़े गए आरोपियों में पवन कुमार सिंह,पिता हरिवंश सिंह,उम्र 34 साल,निवासी बांसगांव और अंकुर सिंह,पिता रामअधार सिंह,उम्र 25 वर्ष, निवासी गांव दुरौनी शामिल हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और पता लगाया जा रहा है कि उनका नेटवर्क किन-किन शहरों में फैला हुआ है। साथ ही ठगी की रकम का लेन-देन कहां किया गया,इसका विवरण भी खंगाला जा रहा है।

# कोठी मोड़ से हटाया गया अतिक्रमण, 8 वाहन और गैस सिलेंडर जब्त



### यातायात में बाधक बना था अतिक्रमण, बस खड़ी करने में होती थी परेशानी

**सतना।** कोठी मोड चित्रकूट मार्ग पर शुक्रवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। राजस्व विभाग,नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। इस दौरान यातायात में बाधा बन रहे ठेले हटाए गए,वहीं यात्री प्रतीक्षालय परिसर से 8 अनधिकृत वाहन जब्त कर थाने भेजे गए। इनमें से 3 वाहन बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के थे।कार्रवाई के दौरान होटलों में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग की जांच भी की गई।दो सिलेंडर अवैध रूप से उपयोग में पाए गए,जिन्हें जब्त कर लिया गया। यह पूरी कार्रवाई एसडीएम राहुल सिलाड़िया के नेतृत्व में की गई। ट्रैफिक डीएसपी संजय खरे,नगर निगम के अधिकारी सज्जन सिंह सेंगर,बालेंद्र गौतम और लक्ष्मी तिवारी मौके पर मौजूद रहे। एसडीएम ने बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण रही। इसका उद्देश्य सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना,ट्रैफिक की सुचारू व्यवस्था करना और नगर का सौंदर्य सुधारना है। आने वाले दिनों में ऐसे अभियान अन्य इलाकों में भी चलाए जाएंगे।







## किसानों की संगोष्ठी में शामिल हुए कलेक्टर

**सतना।** भारत सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन 29 मई 2025 से 12 जून 2025 तक जिले में विभिन्न विकासखंडों में किया जा रहा है। जिसके तहत किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी तथा उन्नत फसलों के उत्पादन से लाभ लेने और कृषि से संबंधित समस्याओं के निदान के लिए जानकारी दी जा रही है। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस शुक्रवार को विकासखण्ड मझगवां के ग्राम पंचायत हिरौंदी पहुंचकर विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित किसानों की संगोष्ठी में शामिल हुए। उन्होंने किसानों का मार्गदर्शन करते हुए खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने खेतों में जाकर ड्रोन प्रदर्शन भी देखा। इसके बाद कलेक्टर ने एफपीओ और स्व-सहायता समूह द्वारा की जा रही कृषि गतिविधियों का अवलोकन किया तथा एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण भी किया। इस अवसर पर कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 एवं जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा विकासखण्ड मझगवां के ग्राम पंचायत हिरौंदी में सहभागिता कर कृषकों को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण एवं जल संरचनायें तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया एवं शासन स्तर से शत-प्रतिशत सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत हिरौंदी के प्रगतिशील कृषक दीपक जायसवाल द्वारा जैविक खेती पर किये जा रहे प्रकल्पों का अवलोकन किया।कलेक्टर सतना द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.नवीन कुमार शर्मा,डॉ.अजय चौरसिया एवं हेमराज द्विवेदी के द्वारा भी कृषकों को समसामयिक सलाह दी गई।

# केजेएस सीमेंट में किया गया सामूहिक पौधारोपण

### इस वर्ष बड़े स्तर पर वृक्षारोपण की तैयारी

**सतना।** केजेएस सीमेंट मैहर के चेयरमैन पवन अहलूवालिया के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर संस्थान के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सामूहिक वृक्षारोपण किया गया और गुलमोहर, अमलतास,करंज,नीम व कदंब आदि के 101 पौधे रोपे गए। कार्यकारी निदेशक कर्नल (रिटा) नीरज वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए कहा कि केजेएस सीमेन्ट ने अपने प्रारंभ काल से ही पर्यावरण के संतुलन पर जोर दिया है।



यही कारण है कि पूरा फैक्ट्री परिसर हरियाली से ओतप्रोत है। कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक केएस सिंघवी ने भी वृक्षारोपण समारोह को संबोधित किया।कार्यक्रम के शुभारंभ में कर्नल नीरज वर्मा,केएस सिंघवी,मानव संसाधन व प्रशासन विभाग के उपाध्यक्ष विकास रायजादा,प्रोजेक्ट हेड बीके ठाकुर,पर्यावरण विभाग प्रमुख डीके सिंह,ईएंडआई प्रमुख आर के नम्मी,मैकेनिकल हेड एकेएस चौहान,सेफ्टी हेड प्रमोद पयासी,क्वालिटी कंट्रोल प्रमुख ईश्वर साहू,पावर प्लांट प्रमुख वीरेन्द्र गौतम,लीगल विभाग के नवनीत ओझा,डॉ टीएस बघेल,एचआर प्रबंधक सतीश दुबे,सेक्योरिटी चीफ चंद्रमणि द्विवेदी एवं जनसंपर्क अधिकारी निरंजन शर्मा ने एक-एक पौधा रोपा। उसके बाद सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने पौधे लगाए। कंपनी के हॉर्टिकल्चर विभाग के प्रमुख जितेन्द्र बागरी ने बताया कि इस वर्ष प्रबंधन के निर्देश पर फैक्ट्री परिसर के आसपास और माइंस एरिया में बड़े स्तर पर वृक्षारोपण की तैयारी है।

## हाउसिंग बोर्ड बस स्टैण्ड में ड्राइवर की संदिग्ध मौत




**मैहर।** हाउसिंग बोर्ड बस स्टैण्ड में बस में ड्राइवर की संदिग्त मौत की सूचना मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। आनन फानन में मैहर थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर मामला दर्ज दिया एवं शव को पोस्ट मार्टम के लिए मैहर सिविल अस्पताल भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड बस स्टैण्ड में बस चालक रोहित सिंह चौहान उर्फ लक्खू रात में अपनी ही बस एमपी 17 पी 0517 में सो रहा था। जब सुबह कंडक्टर ने पहुंच कर रोहित सिंह को उठाने का प्रयास किया और जब नहीं उठे तो पानी से मुंह में पानी के छीटें मारे उसके बाद भी जब कोई प्रतिक्रिया नहीं होने पर बस चालक के मृत होने की शंका हुई कंडक्टर ने बताया कि ड्राइवर को फिट की बीमारी थी जिसके चलते उन्हें फिट के दौरे आते थे वहीं मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव पर चोट के निशान के आधार पर हत्या की आशंका जताते एवं बस संचालक पर मामले को दबाने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की।

## मैहर में तेज रफ्तार कार पलटी, दो घायल



**मैहर।** शुक्रवार की सुबह तकरीबन 5 बजे एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार पलट गई कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए मैहर सिविल अस्पताल लाया गया। बताया का रहा है कि स्कॉर्पियो कार एमपी 20 सी जी 5209 जिसमें शिराज सिंह 26 वर्ष एवं सचिन त्रिपाठी 27 वर्ष मैहर से सरलानगर की तरफ जा रहे थे तभी हरनामपुर के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो कर पलट गई जिसमें बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने परिजनों को घटना की जानकारी दी एवं घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला गया परिजन अपनी कार से घायलों को मैहर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को सतना जिला अस्पताल रेफर किया गया। डॉक्टर सुदीप अवधिया ने बताया कि सुबह दो लोगों को सड़क दुर्घटना के मामले में मैहर अस्पताल लाया गया था दोनों घायलों के सिर एवं कमर में गंभीर चोट थी जिसके बाद घायलों को रेफर कर दिया गया है।

## विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा पर मनाया गया बावड़ी उत्सव

### दीपों की रौशनी और रंगोली के रंगों में जगमगाई प्राचीन बावड़ियां

**सतना।** बावड़ी मानव सभ्यता की सांस्कृतिक,सामाजिक एवं कलात्मक चेतना का जीवंत उदाहरण है जो आज के परिवेश में सामाजिक उपेक्षा के चलते कचड़े के ढेर अथवा वीरान खंडहर में तब्दील हो गई है। बावडियों को मुख्य धारा में लाकर संवारने हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आह्वान पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सतना एवं मैहर जिले के



सात बावडियों में गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर बावड़ी उत्सव मनाया गया। आयोजित बावड़ी उत्सव के अंतर्गत उचेहरा की कबीर आश्रम बावड़ी,नागौद की रुपौलिहा बावड़ी, सोहावल की ख़म्हरिया बावड़ी,मझगवां की खुटहा बावड़ी,रामपुर बघेलान की कंगालदास आश्रम बावड़ी,मैहर की बड़ीमाई बावड़ी तथा अमरपाटन के बौलिहा बावड़ी में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस एवं कलेक्टर रानी बाटड के मार्गदर्शन में जिला समन्वयक डॉ.राजेश तिवारी के संयोजन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### त्योहारों एवं ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित

**मैहर।** थाना परिसर में बकरीद एवं उर्स तथा नगर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हैई। बैठक में मैहर एसडीएम विकाश सिंह,तहसीलदार जितेंद्र पटेल,नवागत सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान एवं थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी ने त्याहारों की तैयारी एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सामाजिक बंधुओं से चर्चा की तथा आयोजन समितियों को सुरक्षा व्यवस्था हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किये। इस दौरान यह निर्देश दिया गया कि खुले में कोई भी कुर्बानी नही की जाए। विधुत मंडल द्वारा विधुत व्यवस्था का भी ध्यान रखा जाएगा। त्योहारों के दौरान नगर पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जावेगा। रैनबसेरा ग्राउंड में सभी ऑटो खड़े होंगे, ग्राउंड को प्रदर्शनी हेतु नही दिया जाएगा। ऑटो लावारिस खड़े पाए जाने पर 283 की कार्यवाही होगी। ब्रिज के बगल में लगी हुई दुकानों को सोमवार तक स्वतः हटाने को कहा गया। फुटपाथ दुकानदारों को नाली के उसपार लगभग 5x6 की दुकानें लगाने की इजाजत दी गयी। SBI से रेलवे स्टेशन की ओर जाने हेतु स्टेट बैंक से ओवरब्रिज की बगल वाली सड़क से होकर ब्रिज के नीचे से वापस आना होगा।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद भागवत महापुराण की नगर में निकली भव्य कलश यात्रा, सात दिन बहेगी ज्ञान की गंगा



**पन्ना।** नगर में श्री मद भागवत महापुराण के पावन अवसर पर भव्य कलश यात्रा बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। इस कलश यात्रा की शुरुआत ज्वाला माता मंदिर प्रांगण से शुरू की गई। जिसमें परिवार और नगर की सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश धारण कर धार्मिक धुनों और भजनों के साथ शोभायात्रा में शामिल हुईं। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर नगर में भक्ति का वातावरण बना दिया। डीजे और ढोल-नगाड़ों की मधुर ध्वनि पर भक्तगण झूमते नजर आए। यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए कथा स्थल सत्यम पैलेस पर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजन के साथ कलशों की स्थापना की गई। इस अवसर पर आयोजक चतुर्वेदी परिवार कथा श्रोता श्रीमती गीता देवी चतुर्वेदी ने बताया कि यह सात दिवसीय श्री मद भागवत कथा पंडित श्री दीपक कृष्ण शास्त्री श्री वृन्दावन धाम आचार्य के सान्निध्य में सम्पन्न की जाएगी। कलश यात्रा में नगरवासियों सहित आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। समस्त आयोजन शांतिपूर्ण और भक्तिभाव से परिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के विद्यार्थियों ने किया एमपी बिरला सीमेन्ट सतना का औद्योगिक भ्रमण




**पन्ना।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार संस्था के विद्यार्थियों द्वारा दिनांक 05.06.2025 को म्पचवेनतम टपेपज अंतर्गत एमपी बिरला सीमेन्ट सतना प्लांट का भ्रमण किया गया। यह भ्रमण विद्यार्थियों को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा तय मानको अनुसार उद्योग के तकनीकी कार्य प्रणाली को समझने, व्यवहारिक पहलुओं को जानने, आवश्यक दक्षताओं से परिचित कराने तथा उन्हे पॉलीटेक्निक कोर्स पूर्ण करने के पश्चात इस ओर आने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस भ्रमण के दौरान एमपी बिरला सीमेन्ट सतना प्लांट के मानव संसाधन प्रबन्धक श्री बी एस चौहान, सुरक्षा हेड सौरभ साहू साथ मे रहे। श्री साहू जी द्वारा विद्यार्थियों को उद्योग में कार्य के दौरान उपयोग किए जाने वाले सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान की, इसके पश्चात प्लांट के अंदर ले जाकर भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप निर्मित किए जाने वाले सीमेंट को गुणवत्ता पूर्वक बनाने, उसे पैक करने से लेकर ट्रांसपोर्ट में भेजने तक की पूरी प्रक्रिया दिखाकर उसे विस्तृत रूप से समझाया गया। संस्था के बीआईएस मैंटर श्री उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सिविल इंजीनियरिंग, मेकेनिकल इंजीनियरिंग तथा कम्प्युटर साइन्स इंजीनियरिंग के विद्यार्थी इस भ्रमण में सम्मिलित रहे जिन्होने ड च ठपतसं ब्मउमदज, सतना प्लांट अंतर्गत पूरी निर्माण प्रक्रिया को समझा। इस कार्य में संस्था के अतिथि व्याख्याता श्री हरगोविंद कुर्मी तथा श्रीमति शिवांगी जैन का विशेष सहयोग रहा। संस्था प्राचार्य श्री अरविंद त्रिपाठी द्वारा इस भ्रमण को आयोजित कराने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल, एमपी बिरला सीमेन्ट सतना तथा संस्था के सभी सहयोगियों धन्यवाद दिया तथा जिले के विद्यार्थियों से तकनीकी शिक्षा अर्जित करने तथा देश सेवा के लिए पॉलीटेक्निक कॉलेज में अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश लेने का आग्रह किया गया।



## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर न.पा.के तत्वाधान में साहस संस्था और एस.बी.आई. फाउण्डेशन द्वारा किया गया जागरूकता कार्यक्रम



**पन्ना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनता में जागरूकता की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से 5 जून 2025 को नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में साहस संस्था और एस.बी.आई. फाउण्डेशन का सहयोग रहा। शुरूआत वाईपास रोड़ स्थित गौशाला के पास 250 पौधों के रोपण और स्वच्छता शपथ के साथ हुई। इस अवसर पर न.पा.परिषद अध्यक्ष मीना पाण्डेय, उपाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता, मुख्यनगर पालिका अधिकारी शशिकपूर गढ़पाले, उपयंत्री अजीत सिंह धुर्वे, स्व0नि0वीरेन्द्र चौरसिया सहित साहस संस्था के परियोजना प्रबंधक नरेन्द्र कुशवाहा, परियोजना समन्वयक अमिताभ मिश्रा सहित साहस टीम से सचिन मालवीय, फील्ड सुपर वाईजर गुंजन, आकाशदीप, सरफराज, नेहा, ज्योति, गीतांजलि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त वार्ड. 3 में केशरवानी धर्मशाला और आटा चक्की के पास दो सौन्दर्यीकृत स्थलों का उद्घाटन किया गया जो शहर को स्वच्छता की दिशा में प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियों में एक नगर परिषद टाउनहॉल में स्वच्छता जिंगल का शुभारम्भ, वहीं छोटे बच्चों के द्वारा पर्यावरण व स्वच्छता से जुड़े गीत प्रस्तुत किये गये। न.पा.अध्यक्ष मीना पाण्डेय और अतिथियों द्वारा लांच किये गये इस जिंगल को कई वार्ड के कचरा संग्रहण वाहनों पर चलाया जायेगा। मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया गया और बच्चों को रिसायकल टेट्रा पैक से बने परीक्षा पेड उपहार स्वरूप भेंट किये गये। कार्यक्रम का समापन जीरो बेस्ट पर आधारित सामूहिक भोज के साथ हुआ जिसमें अधिक से अधिक नागरिकों ने हिस्सा लिया।

## संकल्प से सिद्धि तक के 11 वर्ष के कार्य को जन-जन तक पहुंचाएगी बीजेपी





**पन्ना।** नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष के सफलतम कार्यकाल को जन जन तक पहुंचाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी करने जा रही है। मोदी सरकार के सफलतम 11 साल पूर्ण होने के बाद आज जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई जिसमें 8 जून को मीडिया संवाद के साथ अभियान का शुभारंभ किया जाएगा 9 जून को डिजिटल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी 10 और 11 जून को जिला प्रेस वार्ता 12 से 17 जून तक विभिन्न स्थानीय कार्यक्रम के साथ अभियान आयोजित किया जायेगा, 21 जून योग दिवस, 23 जून बलिदान दिवस, 25 जून संविधान हत्या दिवस का आयोजन किया जाना है। जिला स्तरीय बैठक में मुख्य अतिथि रामबिहारी चौरसिया अध्यक्षता, जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, विशिष्ट अतिथि उषा सोनी, मीना राजे परमार रही। अलग अलग कार्यक्रम मंडल से बूथ स्तर तक आयोजित किये जाएंगे। संकल्प से सिद्धि तक 11 साल कार्यक्रम के प्रभारी जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह परमार, विश्व पर्यावरण दिवस के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष रविराज यादव, योग दिवस के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अंकुर त्रिवेदी, बलिदान दिवस के प्रभारी प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा श्रीमती आशा गुप्ता, संविधान हत्या दिवस के प्रभारी बीजेपी जिला उपाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी को बनाया गया है। कार्यक्रम का संचालन बीजेपी उपाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने किया आभार जिला मंत्री कमल लालवानी ने किया जिसमें मुख्य रूप से संतोष यादव, आशा गुप्ता, शशि परमार, अंकुर त्रिवेदी, दीपेंद्र सिंह परमार, संजय सुल्लेरे, जागेश्वर शुक्ला, रामायण लोधी, कविता रैकवार, पूनम यादव, जलसी बाईं, गीता कोरी, कैलाश गुप्ता, धीरू बाजपेई, विष्णु प्रताप सिंह बॉबी, सुरेश यादव, विजय पटेल, धीरेन्द्र लोधी, प्रीति पटेल, भूपेंद्र राजपूत, प्रशांत चतुर्वेदी, हरेंद्र त्रिपाठी, अरविंद राजपूत, लोकेंद्र प्रताप सिंह लकी राजा, अरुण चौरसिया, सुखराम लोधी, मनभरन सिंह, सुलभ उरमालिया, निधि पटेरिया, रत्नेश पटेरिया,दीपेश व्यास, अजय पाठक, रणजीत सिंह सोनू राजा, उदय मिश्रा, राकेश चौबे सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्च कर बनाया गया हेलीपैड अब कचरा डालने का बना अड्डा बना



**गुनौर।** उदासीन प्रशासन और निष्क्रिय जनप्रतिनिधियों के कारण नगर परिषद में जहां कुछ समय पूर्व हेलीकॉप्टर उतरने के लिए लाखों रुपए खर्च कर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा हेलीपैड का निर्माण कराया गया था इस हेलीपैड से लगे रकवा में न्यायालय प्रस्तावित है जिस पर अभी नगर परिषद गुनौर का कचरे का अंबार लगा हुआ है। उसी के पास रोड के किनारे दूसरे तरफ कुछ समय पूर्व छात्रावास का निर्माण कराया गया है जहां छात्राओं के ठहरने की व्यवस्थाएं की गई है और उसी के सामने गंदगी का अंबार लगा हुआ है सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को दुर्गंध के कारण सांस लेने तक में दिक्कत होती है तो उसके आस पास बने घरों में लोग कैसे जीवन यापन करते होंगे। अगर यह कचरा जल्द नही हटाया गया तो लोगों में बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। कुछ ग्रामीणों द्वारा इस पर आपत्ति की गई और सीएम हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत भी दर्ज कराई गई थी जिसको यह कहकर कटवा दिया गया कि जल्दी तुम्हारे यहां से कचरा की सफाई कर दी जाएगी परंतु आज दिनांक तक लगातार नगर परिषद के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा अनदेखा कर कचरे का अंबार लगवाया जा रहा है समाचार पत्रों के माध्यम से ग्रामीणों ने अपील की है की जल्द से जल्द जहां कचरा के लिए प्रस्तावित है वही कचरा डाला जाए जिससे ग्रामीणों को परेशानी न हो।

### इनका कहना है -

आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है जल्द की सफाई कराई जाएगी। -

**आर. सी. अहिरवार**
**सीएमओ नगर परिषद गुनौर**

जानकारी में है सीएमओ साहब बाहर है सोमवार तक सफाई हो जायेगी।

**- देवेन्द्र सोनी**
**उपयंत्री नगर परिषद गुनौर**

## शहर सदर का हुआ सपथ समारोह संपन्न



**अमानगंज।** शहर सदर मोहम्मद इकबाल बल्लू भाई और नायब सदर मोहम्मद आशिक ( लकी सुल्तान ) का हुआ फूल माला साल से स्वागत । और जमात के लोगो के सामने दिया गया शहर सदर व नायब शहर सदर को पद भार मुस्लिम चुनाव कमेटी और नगर परिषद अमानगंज अध्यक्ष श्री मति सारिका शारदा खटीक जी व उपाध्यक्ष श्री सौरभ दुबे जी नगर परिषद CMO राम मिलन तिवारी जी , श्री शारदा खटीक जी ने दिया सोपा प्रमाण पत्र और दी मुबारक बाद व बधाईयां इसी कड़ी में अमानगंज की दोनो मस्जिद के इमाम भी रहे सामिल और नगर के पूर्व अध्यक्ष श्री हककुन दहायत जी, गुलशेर अहमद जी जलील खान जी हाजी मुन्ना चाचा जी पूर्व सदर अमन खान जी,शहजाद खान जी ,शमीम खान जी ,राजू खान जी फिरोज खान बल्लू भाईजान जी ,राज खान जी मिंटू खान जी सोनू खान जी सफकत रसूल जी मिंटू सौदागर जी और सभी समाज के लोग सामिल रहे और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका चुनाव कमेटी के अध्यक्ष शेख़ कुलजाम जी उपाध्यक्ष टीपू सुल्तान जी इनायतुल्ला निजामी जी की अहम भूमिका रही शहर सदर और नायब शहर सदर ने किया सभी का आभार व्यक्त।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी 90 लाख की पुलिया



**पन्ना।** अमानगंज जनपद गुनौर अंतर्गत पर क्षेत्र अमानगंज के समीप ग्राम पंचायत जिजगांव का दूरस्थ ग्राम मडिया राव अपनी दुर्दशा के लिए आंसू बहा रहा है और आंसू पोंछने वाला कोई नहीं है आजादी से आज तक इस ग्राम में आवा गबन जैसे साधन नहीं हो सके जबकि यह क्षेत्र सांसद विष्णु दत्त शर्मा एवं गुनौर विधानसभा के विधायक डॉ राजेश वर्मा के विधानसभा का हिस्सा है परंतु आज तक मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति के लिए तरस रहा है कुछ दिन बाद बरसात आने वाली है इस ग्राम में थोड़ी सी भी परेशानी आती है वह है बरसात का मौसम जिसमें आबा गबन पूरी तरह से प्रभावित हो जाता है समय-समय पर शासन प्रशासन को अवगत कराने चुनाव का बहिष्कार जन आंदोलन जैसे कदम उठाने के बाद भी व्यवस्थाएं जैसी की तेसी बनी हुई सरकार द्वारा विकास के कसीदे पढ़े जा रहे हैं परंतु जमीनी हकीकत कुछ और ही है ग्राम मडिया राव के जाने के लिए कड़वानी नाला को पार करके जाना पड़ता है तब कहीं मडिया राव ग्राम तक पहुंच पाते हैं ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा पिछली वर्ष करीब 90 लाख की पुलिया का निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया गया था परंतु भ्रष्टाचार इतना हुआ की पुलिया बीच से धराशाही हो गई अब गांव वालों को बाहन निकालने में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीण यांत्रिकी विभाग में फैला भ्रष्टाचार पन्ना जिला सहित पूरे प्रदेश में चर्चा में बना हुआ है पुलिया की साइड देखकर ऐसा प्रतीत होता है की विभाग में पदस्थ कर्मचारी अधिकारियों ने भ्रष्टाचार में डुबकी लगाकर अपने आप को धन्य कर लिया है यह विभाग सफेद पोस धारी एवं अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार करने का सुरक्षित ठिकाना बन चुका है अब सवाल उठता है पुलिया की गुणवत्ता पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया जो एक साल तक नहीं चली शासन की भारी भरकम राशि का दुरुपयोग खुलेआम होता रहा और किसी जिम्मेवार अधिकारियों ने ध्यान क्यों नहीं दिया पन्ना जिले के संवेदनशील कलेक्टर महोदय एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इस भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही करेंगे या अधिकारियों के हितों को देखकर शिकायत को ठंडे बस्ते में दफन कर देंगे समाचार पत्र के माध्यम से मडिया राव की जनता ने अपील की है कि इस भ्रष्टाचार को उजागर करके जिला कलेक्टर महोदय संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही करने की महान कृपा करेंगे।

# जीवित रहने के लिए बचाना होगा जंगल, नदी और पहाड़



## विश्व पर्यावरण दिवस पर संयुक्त वन प्रबंधन समिति द्वारा पटना तमोली में आयोजित हुआ पर्यावरण जनजागृति कार्यक्रम

**सलेहा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दक्षिण वन मण्डल पन्ना के वन परिक्षेत्र सलेहा अंतर्गत पटना तमोली की पहाड़ी पर, आदिवासी बस्ती नई बस्ती के समीप, संयुक्त वन प्रबंधन समिति द्वारा एक भावनात्मक और प्रेरणादायक पर्यावरण जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत वन देवता की पूजा से की गई, जो प्रकृति के प्रति आभार और सम्मान का प्रतीक है। इस अनूठे आयोजन का मुख्य उद्देश्य था कृ लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जंगल-पहाड़ों की रक्षा और जलस्त्रोतों के महत्व के प्रति जागरूक करना।

### प्रकृति से प्रेम और शिक्षा पर ज़ोर

कार्यक्रम में उप वन मंडलाधिकारी कल्दा श्री नितिन कुमार निगम ने प्रकृति संरक्षण के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा पर विशेष बल दिया। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। पर्यावरण पर आधारित प्रश्नोत्तरी में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया, जिससे उनमें जागरूकता और आत्मविश्वास दोनों का संचार हुआ। साथ ही उन्होंने सभी से अपने घरों में 'पक्षी घर' लगाने की अपील भी की।

### शिक्षा के लिए संवेदनशील संकल्प

समाजसेवी एवं बी.डी. कॉन्वेंट विद्यालय के संचालक श्री रामधार चौरसिया ने घोषणा की कि वे आदिवासी बेटी आकांक्षा की कक्षा 8वीं तक की पढ़ाई और शैक्षणिक सामग्री निःशुल्क प्रदान करेंगे। इस संवेदनशील निर्णय ने कार्यक्रम में एक गहरी भावनात्मक ऊर्जा भर दी।

### पर्यावरण चेतना और समाधान की बात

शिक्षक बृजमोहन चौरसिया ने पर्यावरण प्रदूषण के बढ़ते खतरे पर प्रकाश डालते हुए संरक्षण के ठोस उपाय सुझाए। संयुक्त वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजय चौरसिया ने कहा "यदि अब भी हम नहीं चेते, तो भविष्य में न पानी बचेगा, न ही सांस लेने के लिए साफ हवा। प्रदूषण हमारी ज़िंदगी की बुनियाद को कमजोर कर रहा है। समाधान सिर्फ एक है कृ जंगल, पहाड़, नदियाँ,



तालाब और वन्यजीवों की रक्षा।" उन्होंने यह भी बताया कि समिति एवं ग्रामवासियों के प्रयास और वन विभाग के सहयोग से दो दशकों में वृक्षविहीन पहाड़ी अब हरी-भरी हो रही है, लेकिन इसे बनाए रखने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी की आवश्यकता है।

हरियाली का संकल्प और सहभागिता

इस वर्ष बरगद, पीपल और नीम जैसे पारंपरिक, छायादार और पर्यावरण हितैषी पौधे लगाने का निर्णय लिया गया। स्थानीय लोगों ने न केवल पौधे लगाने का संकल्प लिया, बल्कि पहाड़ी के हरे भरे पेड़ और वन्यप्राणियों के संरक्षण का भी संकल्प लिया।

### कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे

उप वन मंडलाधिकारी कल्दा नितिन कुमार निगम, वन परिक्षेत्राधिकारी सलेहा हरी सिंह, समाजसेवी शिक्षक रामधार चौरसिया, हरिनारायण चौरसिया, श्री ओम सोनी, बृजमोहन चौरसिया, बिंदु चौरसिया, प्रमोद वर्मा, अमित चौरसिया, प्रभात चौरसिया तथा वन विभाग सलेहा के कर्मचारी। साथ ही नई बस्ती की मातृशक्ति, बच्चों और युवाओं की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को जनांदोलन का स्वरूप प्रदान किया।

## खबर संक्षेप

### पन्ना रोड पर लिप्ट्स का पेड़ गिरने से लगा जाम, बाधित हुआ यातायात

**छतरपुर।** पन्ना रोड पर बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम के सामने एक लिप्ट्स का पेड़ अचानक सड़क के बीचों-बीच गिर गया, जिससे घंटों तक लंबा जाम लगा रहा। यातायात पूरी तरह बाधित हो गया, और लोग पेड़ की टहनियों के नीचे से निकलने को मजबूर रहे।


प्राप्त जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को पुराना लिप्ट्स का पेड़ अचानक भरभराकर हाइवे पर गिर गया। पेड़ के गिरने से सड़क दोनों ओर से बंद हो गई, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय लोगों ने बताया कि जाम के कारण कई यात्री और मरीजों को ले जा रही गाडियां भी फंस गईं। कुछ लोग पेड़ की टहनियों के नीचे से होकर गुजरते रहे, जिससे हादसे का खतरा बना रहा। सूचना मिलते ही यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और वैकल्पिक रास्तों से वाहनों को निकालने की कोशिश शुरू की। वहीं नगरपालिका की टीम ने पेड़ को हटाने के प्रयास शुरू किए। जेसीबी और अन्य उपकरणों की मदद से पेड़ की टहनियों को काटकर सड़क को खाली करने का कार्य किया गया। यातायात पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित किया और वाहनों को व्यवस्थित करने में सहयोग दिया।

### सूने घर से चोरों ने उड़ाए जेवर और नकदी, पुलिस जुटी जांच में

***बमीठा।*** **बमीठा** का रहने वाला विश्वारी परिवार, भांजे की शादी में शामिल होने के लिए घर में ताला लगाकर गया था, जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने उनके सूने घर को निशाना बनाया। चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर, नकदी और लैपटॉप चुरा लिया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बल्लन विश्वारी का परिवार अपने भांजे की शादी में शामिल होने के लिए घर में ताला लगाकर गया था। अज्ञात चोरों ने रात के समय सूने घर का ताला तोड़कर प्रवेश किया और पूरे घर की छानबीन की। चोरों ने गोदरेज और बक्से के ताले तोड़कर डेढ़ तोला सोने के जेवर, तीन पाव चांदी के जेवर, 20 से 30 हजार रुपये नकदी और एक लैपटॉप चुरा लिया। सुबह मथुरा पटेल ने बल्लन के घर का दरवाजा खुला देखा और तुरंत उन्हें फोन पर सूचना दी। नौगांव से लौटकर बल्लन विश्वारी ने मौके का मुआयना किया और बमीठा थाना में चोरी की शिकायत दर्ज कराई। बमीठा पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### नौगांव में 50 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तैयार, जल्द शुरू होगी सेवा



**नौगांव।** नौगांव में 30 बेड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड कर 50 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है, जो एक-दो महीने में टीबी अस्पताल कैंपस में शुरू हो जाएगा। यह सुविधा नौगांव की एक लाख से अधिक आबादी और आसपास के 100 गांवों, साथ ही उत्तर प्रदेश और टीकमगढ़ के कुछ गांवों के लिए वरदान साबित होगी। 11.38 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस अस्पताल में 8 करोड़ रुपये की लागत से फर्नीचर और उपकरण जल्द उपलब्ध होंगे। इसमें एक दर्जन से अधिक डॉक्टर, जिसमें सर्जन, गायनी, एनेस्थीसिया, पीडियाट्रिक्स और नेत्र रोग विशेषज्ञ शामिल होंगे, सेवाएं देंगे। मॉड्युलर ऑपरेशन थिएटर, ब्लड बैंक और सभी प्रकार की जांच की सुविधा होगी। दो ऑपरेशन थिएटर (एक सामान्य और एक सिजेरियन के लिए) तैयार किए गए हैं। पहले मरीजों को छतरपुर या झांसी रेफर करना पड़ता था, लेकिन अब स्थानीय स्तर पर इलाज संभव होगा। मध्य प्रदेश शासन ने 9 अप्रैल 2025 को इस अस्पताल को 50 बेड से बढ़ाकर 100 बेड करने का प्रस्ताव मांगा है, जिसका प्रपोजल भेजा जा चुका है। बीएमओ डॉ. रविंद्र पटेल ने बताया कि भवन निर्माण पूरा हो चुका है, और हैंडओवर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उपकरण और फर्नीचर की डिमांड भोपाल भेजी गई है, जो जल्द मिलने पर अस्पताल 10-15 दिन में शुरू हो सकता है। स्टाफ की संख्या बढ़ाई जाएगी, जिसमें नर्स, मेडिकल ऑफिसर और विशेषज्ञ शामिल होंगे।

**अंततः लक्ष्मीप्रसाद पटेल की संविदा नियुक्ति हुई समाप्त, आयुक्त सहकारिता भोपाल ने जारी किया आदेश**

# गवन, घोटाले के संबंध में लक्ष्मी प्रसाद पटेल की लोकायुक्त, ईओडब्लू भोपाल में हुई शिकायत

छतरपुर

**जिला सहकारी बैंक घुवारा से सेवानिवृत होने के बाद एनकेन प्रकार्रण सहाकारी बैंक मुख्य शाखा छतरपुर में संविदा**

**नियुक्ति प्राप्त करने बाले लक्ष्मी प्रसाद पटेल की संविदा नियुक्ति आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक भोपाल ने 5 जून 2025 को एक आदेश जारी करते हुए तत्काल प्रभाव से संविदा**

नियुक्ति की अनुमति समाप्त कर दी है। और इस आशय का पत्र भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छतरपुर को भेजा है। संविदा नियुक्ति समाप्त होने का पत्र बैंक में आते ही उन अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई जिनकी छत्रछाया के नीचे लक्ष्मी प्रसाद पटेल संविदा नियुक्ति पाकर शासन की आदेशों की धज्जियां उड़ा रहें थे। ज्ञातव्य है कि लक्ष्मी प्रसाद पटेल ने राजनगर शाखा में पदस्थ रहते हुए 3 करोड़, 83 लाख,46 हजार, 4 रूपए का गबन किया था। जिसकी डिकरी पारित हुई थी और उनकी चल-अचल सम्पत्ति से पूरी राशि बसूली करने के निर्देश भी हुए थे और इनके विरूद्व थाना राजनगर में भ्रष्टाचार एवं धोखाधड़ी की धारा 420, 409 के तहत अपराध भी पंजीबद्व किया गया था। लेकिन जब लक्ष्मी प्रसाद पटेल ने संविदा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया, तो राजनगर थाने में दर्ज अपराध को छिपाया और यहीं उनकी संविदा नियुक्ति समाप्त होने का मुख्य कारण रहा साथ ही जो रिकवरी इनसे होना है।

### तत्कालीन शाखा प्रबंधक लक्ष्मी प्रसाद पटेल राजनगर ने मनमर्जी से किया था ऋण वितरण




विशेष अकेक्षण प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष एक 1 अप्रैल 2008 से 20-11-12 तक राजनगर शाखा में आर्थिक अनियमितता लक्ष्मी पटेल तत्कालीन प्रभारी शाखा प्रबंधक राजनगर के कार्यकाल में हुई थी। पटेल द्वारा ऋण नीति के अनुसार ऋण वितरण न करके अपनी मनमर्जी से ऋण वितरण किया गया था। पटेल के द्वारा शाखा राजनगर में 183 सदस्यों को सीधे बैंक शाखा से केसीसी ऋण वितरण किया गया था। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मुख्यालय छतरपुर ने एक आदेश जारी कर सीधे केसीसी ऋण वितरण पर रोक लगाई थी। परंतु उन्होंने मुख्यालय के निर्देशों के विपरित मनमाने ढंग से करोडो रूपए के ऋण वितरण अपात्र लोगों को बर्ष 11-12 में किए जिसके लिए लक्ष्मी पटेल तत्कालीन शाखा प्रबंधक जिम्मेदार है।

### गवन, घोटाले के संबंध में लोकायुक्त, ईओडब्लू भोपाल में हुई शिकायत

लक्ष्मी प्रसाद पटेल द्वारा संविदा नियुक्ति पाने के लिए अपने सभी भ्रष्टाचारों पर पर्दा डाला गया। और किसी तरह से बैंक के उच्च अधिकारी की कृपा पात्र बनकर संविदा नियुक्त पा ली थी, जो नियम विरूद्व थी। इनकी चल-अचल संम्पत्ति से बसूली होना थी। जिसकी शिकायत आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो भोपाल को 27 मई 25 को रजिस्टर्ड पत्र द्वारा की गई थी। इस शिकायत में शिकायकर्ता ने एक शपथ पत्र भी दिया था। जिसमें लक्ष्मी पटेल की भ्रष्टाचारों का उल्लेख किया गया था। लक्ष्मी पटेल ने राजनगर शाखा के ऋण वितरण में जो बड़ा भ्रष्टाचार किया उसकी शासन द्वारा जांच कराई गई और जिसमें पाया गया कि करोड़ो रूपए का ऋण वितरण एवं फर्जी खर्चे डालकर गबन किया गया है। उपपंजीयक सहकारी संस्था छतरपुर द्वारा 20 दिसंबर 2016 से सरचार्च बनाकर संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्था सागर को भेजा गया था। जिस पर न्यायालय में प्रकरण दर्ज हुआ था, न्यायालयीन सुनवाई के उंपरात न्यायालय संयुक्त पंजीयक सागर पीके सिद्वार्थ ने एक आदेश पारित कर लक्ष्मी प्रसाद पटेल के विरूद्व 3 करोड़ 83 लाख 46 हजार रूपए की डिकरी पारित की थी और बसूली के आदेश भी चल अचल संम्पत्ति से हुय थे, लेकिन आज तक इतनी बड़ी लम्बी राशि की बसूली नही हो सकी है। अब यह बसूली बैंक शासन के लिए चुनौती बनी हुई है। देखना यह है कि सहकारी बैंक प्रशासन संविदा नियुक्त समाप्त होन के बाद किस स्तर पर लक्ष्मी पटेल की चल-अचल संम्पत्ति से पौने 4 करोड़ की बसूली कर पाता है।




लक्ष्मी प्रसाद पटेल

# रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव



**खजुराहो।** खजुराहो रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर शुक्रवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और युवक की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है।

अज्ञात युवक की उम्र लगभग 30 वर्ष है। उसने मेंहदी रंग की शर्ट और नीले रंग का पैंट पहना हुआ था। युवक के सीने पर आई एल वाय चंदा और हाथ पर राहुल सी आर लिखा टैटू पाया गया। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। रेलवे पुलिस ने युवक की शिनाख्त के लिए आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ शुरू की है। परिजनों तक पहुंचने के लिए पुलिस ने दो नंबर 9752434238 और 7389393726 जारी किए हैं, ताकि कोई भी जानकारी मिल सके। पुलिस टैटू और कपड़ों के आधार पर गुमशुदा व्यक्तियों के रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बगराजन माता मंदिर में पौधरोपण

## ब्रह्माकुमारी विद्या बहन ने कहा- प्रकृति के प्रति सच्चा प्रेम संतुलित व्यवहार से संभव



**खजुराहो।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर खजुराहो के बगराजन माता मंदिर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर के महंत रमेश रिछारिया ने अपने कर-कमलों से वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। ब्रह्माकुमारी विद्या बहन ने प्रकृति के प्रति जागरूकता और संतुलित व्यवहार की आवश्यकता पर जोर देते हुए सभी को एक पेड़ मां के नाम लगाने का संकल्प दिलाया।

बगराजन माता मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में मंदिर के महंत रमेश रिछारिया ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत की। ब्रह्माकुमारी खजुराहो सेवा केंद्र की प्रभारी विद्या बहन ने कहा कि प्रकृति के पांच तत्व- जल, वायु, अग्नि, आकाश और पृथ्वी ने हमें निःस्वार्थ भाव से जीवन दिया है। उन्होंने बताया कि जल को बचाने, पेड़ लगाने, स्वच्छता बनाए रखने और मृदा अपरदन रोकने जैसे प्रयासों से ही प्रकृति और मानव का संतुलन बना रह सकता है। एक नन्ही बालिका ने प्रकृति मां की पुकार को दर्शाते हुए सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में लगाए गए पौधे और प्रकृति देवी की सजावट आकर्षण का केंद्र बने। विद्या बहन ने कहा कि प्रकृति, परमात्मा और आत्मा के संतुलित व्यवहार से ही पर्यावरण की सुरक्षा संभव है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जल और बिजली की बचत करें, पेड़ों का रोपण और संरक्षण करें, और धरती को स्वच्छ रखें। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को ईश्वरीय प्रसाद वितरित किया गया और प्रत्येक व्यक्ति ने एक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एमपीईबी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राकेश साहू, नगर परिषद जटकरा की पार्षद दुर्गा पटेल, मयूर फैशन हाउस के मालिक जयकुमार अग्रवाल, पत्रकार तुलसीदास सोनी, लक्ष्मी नगरिया मेडिकल के मालिक रमेश नगरिया, इलेक्ट्रीशियन प्रमोद विश्वकर्मा, शिक्षक देवी दीन विश्वकर्मा और ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र से कई भाई-बहन शामिल हुए।

# तीन अपराधियों को 10-10 हजार का बंध पत्र और हफ्ते में दो दिन थाने में हाजिरी का आदेश

## जिला दंडाधिकारी ने आपराधिक गतिविधियों पर लगाम के लिए जारी किए निर्देश

**छतरपुर।** छतरपुर के जिला दंडाधिकारी ने तीन अपराधियों को एक साल तक कोई अपराध न करने और शांति बनाए रखने के लिए 10-10 हजार रुपये का बंध पत्र जमा करने का आदेश दिया है। साथ ही, उन्हें हर हफ्ते मंगलवार और शुक्रवार को थाने में हाजिरी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला दंडाधिकारी पार्थ जैसवाल ने पुलिस अधीक्षक के प्रस्ताव पर मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 और लोक व्यवस्था अधिनियम के तहत यह कार्रवाई की। जिन तीन अपराधियों के खिलाफ यह आदेश जारी हुआ है, उनमें मक्खन कुशवाहा 30 वर्ष, पिता लक्ष्मन कुशवाहा, मूरत यादव 50 वर्ष, पिता स्व. खुमान यादव, दोनों निवासी ग्राम करारागंज थाना अलीपुरा और बृजकिशोर यादव 60 वर्ष, पिता नारायणदास यादव निवासी ग्राम जोरन, थाना अलीपुरा शामिल हैं। उक्त अपराधियों पर विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज हैं। आदेश के मुताबिक, इन्हें एक साल तक अपराध से दूर रहना होगा और सामाजिक नागरिक की तरह व्यवहार करना होगा। इन अपराधियों को एक साल तक हर मंगलवार और शुक्रवार को संबंधित थाने में उपस्थित होकर हाजिरी दर्ज करानी होगी। जिला दंडाधिकारी ने थाना प्रभारी को निर्देश दिए हैं कि अगर कोई चूक होती है, तो अधिनियम की धारा 14 के तहत कार्रवाई कर उन्हें सूचित किया जाए। यह कदम इनकी आपराधिक गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाने के लिए उठाया गया है।

### काम करते समय करंट लगने से युवक की मौत



**छतरपुर।** हरपालपुर थाना क्षेत्र के काकुनपुरा गांव में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। बताया गया है कि महेंद्र पुत्र प्रकाश श्रीवास अपने घर पर छपाई का कार्य कर रहे थे। इस दौरान बोर्ड हटाते समय उन्हें अचानक करंट लग गया। परिजन उन्हें तुरंत हरपालपुर अस्पताल ले गए, लेकिन वहां कोई डॉक्टर या स्टाफ मौजूद नहीं था। इसके बाद परिजनों ने निजी वाहन से महेंद्र को छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में रखा गया है।

### स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्स भर्ती को लेकर असमंजस, इंटरव्यू भोपाल में होने की आशंका

**छतरपुर।** जिले में स्वास्थ्य विभाग की 174 आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती के लिए 500 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, लेकिन इंटरव्यू के स्थान को लेकर आवेदकों में भ्रम की स्थिति है। आरोप है कि इंटरव्यू भोपाल में आयोजित हो सकता है, क्योंकि स्वास्थ्य विभाग छतरपुर में इंटरव्यू कराने के पक्ष में नहीं है। यह भर्ती सेडमैप के माध्यम से होनी है।

आवेदकों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इंटरव्यू छतरपुर में आयोजित करने के इच्छुक नहीं हैं, जिससे उन्हें भोपाल जाना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि पहले इन पदों पर नियुक्तियां हो चुकी थीं, लेकिन अनियमितताओं के कारण छतरपुर कलेक्टर ने सभी नियुक्तियां रद्द कर दी थीं। अब सेडमैप के जरिए नई भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। सूत्रों के अनुसार, इंटरव्यू को भोपाल में कराने के लिए सेडमैप को पत्र भेजने की तैयारी है, हालांकि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने इस दावे को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि सेडमैप भर्ती प्रक्रिया के लिए अधिकृत है और वह जहां चाहे, इंटरव्यू आयोजित कर सकती है, स्वास्थ्य विभाग का इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि 172 पदों की जरूरत है, जिनमें 58 पद जिला अस्पताल के लिए हैं। सेडमैप ने आवेदन के लिए लिंक जारी किया था और चयन प्रक्रिया के लिए आवेदकों को मोबाइल पर सूचना दी जाएगी। आउटसोर्स भर्ती में पैसे के लेनदेन के आरोपों पर सीएमएचओ डॉ. गुप्ता ने कहा कि यदि ऐसी कोई शिकायत उनके संज्ञान में आई, तो वे तुरंत प्रशासन को सूचित करेंगे और कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया को शासन के निर्देशों के अनुसार पारदर्शी बताया और कहा कि सेडमैप या अन्य मानव संसाधन प्रदाय एजेंसी के माध्यम से ही भर्तियां होंगी। वहीं आयुष चिकित्सा विभाग की एमडी डॉ. निर्मला कुशवाहा ने बताया कि सेडमैप के माध्यम से योगा प्रशिक्षक और योगा सहायक की भर्ती की गई है। इसके लिए 46 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 11 आवेदक इंटरव्यू के लिए उपस्थित हुए। आठ रिक्त पदों में से पांच योगा प्रशिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जो गौरिहार में मुख्यमंत्री के दौरे के बाद शुरू हुई थी। कुछ ऑफलाइन आवेदनों के लिए तीन रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि सेडमैप के अधिकारियों की मौजूदगी में छतरपुर में इंटरव्यू आयोजित किए गए थे।

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में CSR की पहलः मझिगंवा के आदिवासियों को मिले उन्नत किस्म के आम के पौधे

मझिगँवा

पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिंडालको महान के CSR विभाग द्वारा मझिगँवा गांव में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय आदिवासी समुदाय को उन्नत किस्म के आम के पौधे वितरित किए गए। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है, बल्कि इससे ग्रामीणों को दीर्घकालिक आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा।



कार्यक्रम के दौरान CSR प्रमुख संजय सिंह, साथ ही विभाग से धीरेन्द्र तिवारी तथा बीरेंद्र पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने पौध वितरण के साथ ही आदिवासी समुदाय को पर्यावरण रक्षण में उनकी पारंपरिक भूमिका के लिए सम्मानित किया और उन्हें 'पर्यावरण प्रेमी जनजाति' की संज्ञा दी।

इस अवसर पर संजय सिंह ने कहा, "हमारा उद्देश्य सिर्फ पौधे देना नहीं है, बल्कि समुदाय को आत्मनिर्भर बनाना भी है। आम के ये पौधे आने वाले वर्षों में उन्हें न केवल पर्यावरणीय लाभ देंगे, बल्कि फल उत्पादन से उनकी आजीविका में भी सहारा बनेगा।" कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित ग्रामीण जनों ने दिए गए पौधों का अपने घरों में रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को निभाया। हिंडालको महान का यह कदम स्थानीय विकास और हरित भविष्य की ओर एक प्रेरणादायक प्रयास है।

# नगर निगम अध्यक्ष की अध्यक्षता में नगरीय क्षेत्र में संचालित शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की विशेष परिषद बैठक में हुई समीक्षा

### परिषद बैठक में नगरीय क्षेत्र में चल रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से की गई समीक्षा

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के परिषद अध्यक्ष श्री देवेश पाण्डेय के अध्यक्षता एवं नगर निगम आयुक्त श्री डी.के शर्मा, सांसद प्रतिनिधि संतोष बर्मा के उपस्थिति में आज निर्धारित समयानुसार नगरीय क्षेत्र में संचालित शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा विशेष परिषद की बैठक आयोजित कर की गई। परिषद बैठक का प्रारंभ परम्परानुसार राष्ट्रगान के साथ किया गया। तत्पश्चात शासन की योजनाओं की विस्तार से चर्चा कर हर एक विंदु की समीक्षा की गई।परिषद बैठक में शासन की कायाकल्प योजना 2.0 की पार्षदो द्वारा चर्चा कर समीक्षा की गई जिसके तहत नगरीय क्षेत्र में सड़को का रखरखाव करना, जिन वार्डो मोहल्लो में सड़क नही है,ऐसे मोहल्लो को चिन्हित कर सड़को का निर्माण कार्य कराने तथा क्षतिग्रस्त सड़को का सर्वे कर उनकी मरम्मत कराने का निर्देश परिषद अध्यक्ष के द्वारा दिया गया। परिषद में सीवर लाईन निर्माण की भी विस्तार से समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए गए कि सीवर लाईन का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के साथ ही सीवर लाईन डालते हुये जहा पर सड़के क्षतिग्रस्त हुई है उनका संबंधित संविदाकार द्वारा तत्काल सुधार कार्य कराया जाये ताकि मानसून के दौरान आवागमन में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न होने पायें।

साथ ही परिषद बैठक मे संजीवनी क्लीनिको निर्माण के संबंध में चर्चा कर निर्देशित किया गया है नगरीय क्षेत्र के जिन वार्डो में संजीवनी क्लीनिक का निर्माण प्रस्तावित है उनका निर्माण कार्य समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये ताकि वहा के निवासियो को बिना किसी असुविधा के स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। साथ ही पीएम आवास के दोनो घटको की विस्तार से समीक्षा की गई। एवं निगम अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि शासन की इस महत्वाकाक्षी योजना का अधिक से अधिक हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिले।

परिषद बैठक के अंत में सभी को संबोधित करते हुयें नगर निगम अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी एक मात्र लक्ष्य नगरीय क्षेत्र में निवासरत नागरिको को शासन की जन कल्याण कारी योजनाओं, शहर के विकास कार्यो को समय पर पूर्ण कराने का होना चाहिए। किसी भी नगर का विकास तभी संभव है जब केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की सामुचित योजनाओ का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुचे। अध्यक्ष श्री पाण्डेय ने कहा कि किसी भी नगर का विकास तभी संभव है जब वहा की सड़के, सर्वजिनिक स्थल नगर की साफ सफाई व्यवस्था बेहतर रहे। उन्होने परिषद में उपस्थित सभी पार्षदो से आग्रह किया कि अपने अपने वार्डो के समुचित विकास के लिए मन लगाकर तत्परता के साथ कार्य करे एवं मूलभूत आवश्यकतओं को चिन्हित कर उनसे अवगत कराये ताकि आवश्यकताओ की पूर्ति की जा सके। परिषद बैठक के दौरान उपस्थित पार्षदो के द्वारा भी नगर विकास के संबंध मे अपने अपने आवश्यक सुझाव दिए गए। तत्पश्चात निगम अध्यक्ष के द्वारा अनिश्चित काल तक के लिए परिषद को स्थगित करने की घोषणा की गई।परिषद बैठक के दौरान पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष सीमा जयसवाल, पार्षद परमेश्वर पटेल, शेखर सिंह, आशीष बैस, राम मिलन भारती, बंतो कौर, राज बहादुर पनिका, अनुष्का यादव, अनिल बैस, कमलेश बर्मा, श्याम कुमारी शर्मा, संतोष शाह, संजय सिंह, लालसा यादव,प्रेम सागर मिश्रा, नगर निगम के उपायुक्त आरपी बैस, कार्यपालन यंत्री प्रदीप चड़ार, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, एस.एन द्विवेदी, डी.के सिंह, अभय राज सिंह आदि उपस्थित रहे।



